संख्या : 337/69-1-98-2 (एस.डी.)/97

प्रेषक,

श्री सुबोध नाथ झा
प्रमुख सचिव,
उ.प्र. शासन।

सेवा में,

निदेशक,
राज्य नागर विकास अभिकरण,
उ.प्र., लखनऊ

लखनऊ : दिनांक, 23 मार्च, 1998

नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम अनुभाग

विषय : राष्ट्रीय मलिन बस्ती सुधार कार्यक्रम का कार्यान्वयन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या : 52/69-1-98-2(एस.डी.)/97, दिनांक 13 जनवरी, 1998 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त जनपद-पौढ़ी गढ़वाल के नगरपालिका परिषद-कोटद्वार को राष्ट्रीय मलिन बस्ती सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत चयनित किया जाता है।

2. उपर्युक्तानुसार राष्ट्रीय मलिन बस्ती सुधार कार्यक्रम का कार्यान्वयन अब प्रदेश के कुल 46 नगरों में किया जायेगा।

3. अतः अनुरोध है कि संबंधित नगरों के परियोजना निदेशक/परियोजना अधिकारी को जारी मार्ग-निर्देशों की प्रतियां भेजते हुए समुचित दिशा निर्देश जारी करने तथा संबंधित नगर में योजना के क्रियान्वयन हेतु नियमानुसार धनराशि अवमुक्त करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(एस.एन. झा)
प्रमुख सचिव

संख्या : 337/69-1-98-2 (एस.डी.)/97 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) पौढ़ी गढ़वाल, उ.प्र. को उनके पत्रांक : 498/21-13 (1997-98) दिनांक 19 दिसम्बर 9 के संदर्भ में।

(2) परियोजना निदेशक/परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी (डूडा) पौढ़ी गढ़वाल को इस निर्देश के साथ कि वे तत्काल कार्ययोजना तैयार कर शासन/सूडा को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(टीकम सिंह पंवार)
अनुसचिव।